शनिवार
28 मई 2022



पृष्ठ 4

ऑफिस में इन खराब आदतों की वजह से बढ़ सकता है आपका वजन



पृष्ठ 5

आमिर की फिल्म लाल सिंह चड्ढा का ट्रेलर 29 मई को होगा रिलीज




● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 116
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00


**आज का विचार**

नाव जल में रहे लेकिन जल नाव में नहीं रहना चाहिए, इसी प्रकार साधक जग में रहे लेकिन जग साधक के मन में नहीं रहना चाहिए।

– रामकृष्ण परमहंस

# दून वैली मेल


सांध्य दैनिक

आर.एन.आई.- 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त


## चंपावत करेगा उत्तराखंड का नेतृत्व: योगी



विशेष संवाददाता

टनकपुर। यह नए भारत का नया उत्तराखंड है जो विश्व मानचित्र पर पर्यटन का नया हब बनकर उभर रहा है। बीते कुछ सालों में उत्तराखंड ने जो विकास किया है वह भविष्य की असीम संभावनाओं से भरा है। विकास का कोई विकल्प नहीं होता। आपके पास सब कुछ था बस नहीं था तो अच्छा नेतृत्व नहीं था अब धामी के रूप में एक युवा और योग्य नेतृत्व भी मिल चुका है। यह चंपावत के लोगों का सौभाग्य है कि 25 साल के लंबे इंतजार के बाद मुख्यमंत्री चुनने का मौका मिल रहा है। अवसर बार बार नहीं मिलते हैं और आपको यह

❑विधायक नहीं मुख्यमंत्री चुनने का मौका

❑विकास का कोई विकल्प नहीं होता

अवसर चूकना नहीं है। उत्तराखंड का नेतृत्व अब चंपावत करेगा।

यह बात आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टनकपुर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड के विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। किसने सोचा था कि उत्तराखंड में हजारों मीटर की ऊंचाई पर आदि शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा लगेगी और केदारपुरी का इस तरह पुनर्निर्माण होगा। पहाड़ों में रेल और मेट्रो दौड़ेगी, ऑल वेदर रोड बनेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में बीते कुछ सालों में जिस तेज गति से विकास हुआ है वह उत्तराखंड को बहुत शीघ्र विकास की नई ऊंचाइयों तक ले कर जाएगा।

उन्होंने कहा कि चुनाव में मैं पिछली बार खटीमा नहीं पहुंच सका था जिसका मुझे मलाल है। आपने इस चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत से चुनकर दोबारा सत्ता में आने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि उत्तराखंड की जवानी और पानी ने पूरे देश की

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## एमबीबीएस के छात्र ने एम्स की छत से कूद कर दी जान

हमारे संवाददाता

देहरादून। संदिग्ध परिस्थितियों में एम्स की छठी मंजिल से कूदकर एमबीबीएस के सेकंड ईयर के छात्र ने अपनी जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।





जानकारी के अनुसार आज सुबह एम्स की छठी मंजिल से एमबीबीएस के सेकंड ईयर के छात्र ने कूद कर अपनी जान दे दी। मृतक छात्र की पहचान रजत मूंद पुत्र विजय कुमार निवासी श्री गंगानगर राजस्थान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रजत ने मेडिकल कॉलेज की छठी मंजिल पर पहुंचकर अचानक जंप लगा दी थी। फर्श पर गिरने के ही साथ चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास अफरा तफरी का माहौल हो गया और मौक पर मौजूद सभी लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।

एम्स प्रशासन द्वारा तत्काल रजत को उठाकर इमरजेंसी में पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद रजत को मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखा दिया है। साथ ही पुलिस और एम्स प्रशासन घटना की जांच में जुट गए हैं कि आखिरकार रजत मूंद ने इस प्रकार आत्मघाती कदम क्यों उठाया है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2020 में रजत मूंद ने एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए एम्स ऋषिकेश में एडमिशन लिया था। इस घटना के बाद एम्स एमबीबीएस के छात्रों में शोक की लहर है।

## सरकार के 8 साल पूरे होने पर 31 मई को पीएम मोदी शिमला में करेंगे रैली

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ३१ मई को सुबह १०.३० बजे शिमला के रिज मैदान में विशाल रैली के माध्यम से देशभर के विभिन्न स्थानों से जुड़े लाभार्थी एवं आमजन को संबोधित करेंगे। पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत उसी समय ११ करोड़ से अधिक किसानों को सीधे उनके खातों में सहायता राशि भी ट्रांसफर की जाएगी। प्रदेश की राजधानी सभी जिलों में कार्यक्रम का आयोजन केंद्र एवं प्रदेश सरकारों द्वारा किया जा रहा है। पार्टी स्तर पर भी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम में भाग ले यह सुनिश्चित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसद तथा भाजपा शासित प्रदेश सरकारों के मंत्री कार्यक्रम में भाग लेंगे प्रधानमंत्री के संबोधन से पहले जनसभा को संबोधित करेंगे। सभी मंडलों पर भाजपा के बैनर तले लाभार्थियों को एकत्रित करके बड़ी स्क्रीन लगाकर तथा मंच बनाकर पहले स्थानीय नेताओं का संबोधन होगा उसके बाद प्रधानमंत्री का संबोधन सामूहिक रूप को सुना जाएगा। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के राजनीतिक सलाहकार जामवाल ने कहा कि रोडशो के बाद मोदी केंद्र में अपनी सरकार के आठ बरस पूरे होने के मौके पर ऐतिहासिक रिज मैदान में रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देशभर में १७ सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से डिजिटल माध्यम से रूबरू होंगे।

## कोरोना: पिछले 24 घंटे में आए 2685 नए केस, 33 मरीजों की हुई मौत

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामलों में कई दिनों से तीन हजार से कम मामले सामने आ रहे हैं और आज भी कल के मुकाबले आज २५ केस कम दर्ज किए गए हैं। बता दें कि, इससे पहले शुक्रवार को २,७१० मामले सामने आए थे।

वहीं देश में अब उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर १६ हजार ३०८ रह गई है। देश में पिछले २४ घंटे में २ हजार ६८५ केस दर्ज हुए हैं जिसके बाद संक्रमण के कुल मरीजों की सख्या ४,३१,५०,२१५ हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के २,६८५ नए मामले सामने



आए हैं। वहीं, ३३ और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर ५,२४,५७२ हो गयी है। इसके अलावा देश में कोविड–१९ के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर १६,३०८ हो गई है, जो कुल मामलों का ०.०४ प्रतिशत है।

विश्व में कोरोना वायरस के मामले बढ़कर ५२.८३ करोड़ हो गए हैं, जबकि मौतें ६२.८ लाख हो गई हैं और कुल टीकाकरण की संख्या बढ़कर ११.३८ अरब हो गई है। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी द्वारा साझा किए गए आंकड़ों में इसकी जानकारी दी गई है।

शनिवार की सुबह अपने लेटेस्ट अपडेट में, यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सिस्टम साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसएसई) ने खुलासा किया कि वर्तमान वैश्विक मामले ५२८,३११,६४६ मरने वालों की संख्या ६,२८६,१२० और प्रशासित टीके की कुल संख्या बढ़कर ११,३८०,२८२,७४३ हो गई है। सीएसएसई के अनुसार, ८३,६६६,३१३ और १,००४,६६२ पर दुनिया के सबसे अधिक मामलों और मौतों के साथ अमेरिका सबसे ज्यादा प्रभावित देश बना हुआ है।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

## हिंदी का गौरव

हिंदू-हिंदी और हिंदुस्तान यह महज तीन शब्द नहीं है। धर्म ज्ञान, विज्ञान भाषा और संस्कृति तथा सभ्यता का समग्र दर्शन इन तीन शब्दों में समाहित है। एक पत्थर तराशे जाने के बाद ही हीरा बनता है जिसे सिर्फ जौहरी की नजर ही परख सकती है ठीक वैसा ही इन तीन शब्दों का यथार्थ और मतलब है। हिंदी की जानी मानी लेखिका गीतांजलि श्री की कृति 'रेत समाधि, को विश्व की प्रतिष्ठित संस्था द्वारा सर्वोच्च पुरस्कार बुकर से नवाजा जाना इसकी एक मिसाल है। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में जन्मी गीतांजलि श्री के इस उपन्यास 'रेत समाधि, को मिली इस बड़ी उपलब्धि के लिए अमेरिकी अनुवादिका डेजी राकबेल को भी इसका श्रेय जाता है जिन्होंने 'रेत समाधि, में गीतांजलि श्री की भावनाओं को अत्यंत ही प्रभावी और मूल स्वरूप में पेश करने का काम अद्‌भुत अंदाज में किया है। यूं तो गीतांजलि श्री से पूर्व अनेक भारतीय और भारतवंशियों की कृतियों को बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है जिनमें अरुंधति राय, किरण देसाई और अरविंद अडिगा जैसे कई नाम शामिल है लेकिन उनकी जिन कृतियों के लिए बुकर पुरस्कार दिया गया है अंग्रेजी में ही लिखी गई थी किसी हिंदी उपन्यास जिसे अंग्रेजी में अनुवाद के बाद बुकर पुरस्कार से नवाजा गया हो यह पहली बार ही हुआ है। निश्चित तौर पर विश्व साहित्य में हिंदी की प्रतिष्ठा और पहचान के लिए यह एक मील का पत्थर साबित होगा। गीतांजलि के इस उपन्यास 'रेत समाधि, (टूंब ऑफ सैंड) की यह पहली सफलता सिर्फ हिंदी के लिए ही नहीं देश की अन्य सभी भारतीय भाषाओं के लिए अत्यंत गौरव की बात है। इस पुरस्कार को पाने के बाद गीतांजलि श्री ने अपने संबोधन में कहा कि जब मैं लंदन आई थी तो मुझे कहा गया था कि यहां कुछ भी हो सकता है हर बात के लिए तैयार रहें। बारिश हो सकती है, बर्फ भी गिर सकती है, बादल छा सकते हैं और खिला सूरज भी हो सकता है तथा यहां बुकर भी मिल सकता है। निश्चित तौर पर तब मैंने बुकर के बारे में सोचा भी नहीं था लेकिन आज इस सम्मान को पाकर मैं स्वयं को भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। सम्मानित और विनम्र महसूस कर रही हूं। यह सिर्फ नक्षत्रों का एक सुखद संयोग है। इस मुहूर्त की रोशनी मुझ पर पड़ी और मैं चमक उठी। उनका कथन सत्य ही है। देश में अनेक प्रतिभाएं ऐसी है जिन्हें कोई तराशने वाला और परखने वाला जौहरी नहीं मिला न ही उनकी रचनाओं को अंग्रेजी में अनुवाद करने वाला। गीतांजलि श्री निश्चित तौर पर भाग्यशाली हैं जिन्हें उपन्यास 'रेत समाधि, ने भारतीय हिंदी साहित्य के पलक को अंतरराष्ट्रीय तक विस्तार देने में सफलता हासिल की है उनकी यह उपलब्धि हम सभी भारतीयों और भारतीय भावनाओं के लिए गौरवान्वित करने वाली है।

# किशोर ने आगामी विधान सत्र की तिथि को आगे बढ़ाने की मांग की



❑संसदीय कार्य मन्त्री को पत्र लिखकर सत्र को आगे बढ़ाने का किया अनुरोध

देहरादून (कासं)। विधायक किशोर उपाध्याय ने भराड़ी सैंण में आहूत आगामी विधान सत्र के बारे में संसदीय कार्य मन्त्री को पत्र लिखकर सत्र को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया है।

उपाध्याय ने इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से भी वार्ता की है। उपाध्याय ने अपने पत्र में मन्त्री जी अनुरोध किया है कि कृपया मेरी दूरभाष वार्ता का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें मैंने भराड़ी सैंण में प्रस्तावित आगामी विधान सभा सत्र के सम्बन्ध में कुछ संशय व्यक्त कर पुनर्विचार का आग्रह किया था। मैंने आपसे निम्न कारणों से अपनी राय रखी है। इस समय चार धाम यात्रा अपने चरम पर है।कुछ छोटी–मोटी शिकायतों के अलावा यात्रा का प्रबन्ध कुशलता से हो रहा है।

इसी अवधि में राज्य सभा का चुनाव भी प्रस्तावित है और वह देहरादून में सम्पन्न होना है। इन दिनों राज्य में मौसम भी अनिश्चित सा रहता है।

आपको स्मरण होगा २०१३ में इन्हीं दिनों के आस–पास प्रदेश भीषण त्रासदी व तबाही से गुज़रा है। मैंने इस सम्बन्ध में कतिपय विधायकों, नौकरशाही के वरिष्ठ सदस्यों, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से भी विचार विनिमय किया है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को भी अपनी चिन्ताओं से अवगत कराया है।

पुलिस अधिकारी तो चार धाम यात्रा व विधान सभा सत्र हेतु अत्यन्त चिन्तित हैं। दोनों महत्वपूर्ण कार्यों की व्यवस्था कैसे होगी? बल्कि लगभग असमर्थता सी व्यक्त कर रहे हैं।

हम राजनैतिक क्षेत्र के लोग बिल्ली के गले में घण्टी कौन बांधेगा, मानसिकता से ग्रस्त हो जाते हैं, समीचीन और लोक हित में क्या है? समझते हुये भी उस पर मौन हो जाते हैं। मेरा सुझाव है, या तो विधान सभा के इस सत्र की तिथि आगे बढ़ायी जाय या फिर सत्र का आयोजन देहरादून में किया जाय।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की पिटाई में दोषियों के खिलाफहो कार्यवाहीः सेमवाल

हमारे संवाददाता



❑एसएसपी ने दिये उच्चस्तरीय जांच के आदेश

देहरादून। उत्तराखण्ड क्रांति दल के मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि पुलिस विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए जिसके लिए वह केन्द्रीय गृहमंत्री, पुलिस शिकायत प्राधिकरण व मानवाधिकार आयोग में शिकायत करेंगे। वहीं उधमसिंह नगर के एसएसपी मंजूनाथ टी सी ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिये हैं।

आज यहां यूकेडी केंद्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि पुलिस विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की उन्हीं के उच्चाधिकारियों द्वारा बर्बर पिटाई किए जाने की शिकायत केंद्रीय गृहमंत्री और पुलिस शिकायत प्राधिकरण और मानवाधिकार आयोग से की जा रही है और जब तक पीड़ित को न्याय नहीं मिल जाता और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती, तब तक उत्तराखंड क्रांति दल चुप नहीं बैठेगा।

यूकेडी नेता शिव प्रसाद सेमवाल ने पीड़ित दीपक उप्रेती द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर और उच्चाधिकारियों को भेजी गई शिकायत तथा मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि उधम सिंह नगर के पुलिस विभाग में दीपक उप्रेती चतुर्थ श्रेणी कुक के पद पर कार्यरत है। दीपक उप्रेती ने अपनी पत्नी के बीमार होने का हवाला देते हुए छुट्टी मांगी तो उन्हे डीजीपी की पत्नी के बंगले पर भोजन बनाने के लिए कहा गया। पत्नी को डाक्टर को दिखाने के लिए जाने की बात कहने पर प्रतिसार निरीक्षक और स्टोर मुंशी, तथा दीवान आदि ने अवकाश देने के बजाय दीपक उप्रेती की बंगले पर ही ले जाकर बुरी तरह पिटाई कर दी। उप्रेती ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी 18 मई को इसकी शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उल्टा दीपक उप्रेती का अप्रैल माह का वेतन रोक दिया गया। यूकेडी नेता शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा कि जब तक पीड़ित को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक वह चुप नहीं बैठेंगे।

वहीं एसएसपी उधमसिंहनगर मंजूनाथ टीसी ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश देते हुए कहा कि निष्पक्ष जांच में दोषी पाये जाने पर सभी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# लालच में गंवाये ढाई लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। 23 करोड का मैसेज के लालच में आकर ढाई लाख रूपये गवां दिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरस्वती विहार निवासी विजय सिह असवाल ने नेहरू कालोनी थाने उसके फोन पर एक 235000000 रूपये इंगलैण्ड गोल्फ ट्रस्ट रिलिव फण्डका मैसेज आया। उसके बाद एक ऐजेन्ट का फोन आया जो की अपने आपको यूनाइटेड नेशन से बता रहा है और फिर पेपर प्रोसिजिग फीस मांगी गई जो कि उसने पे करी और फिर उसके कई तरह कि फीस अलग अलग काम के लिए उससे मागी गई और साथ साथ उसको लालच भी दिया गया और वह उनके लालच के झांसे में फसता चला गया जिसके कारण उसने कई तरह कि प्रोसिजिग फीस, चार्ज भी दिया जिसकी टोटल किमत हो गयी दो लाख 44 हजार 700 रूपये है और ये सारी रकम उसके फोन पे से कि गयी है। जिसके बाद उक्त फोन नम्बर बन्द हो गया। जिसके बाद उसको पता चला कि उसके साथ ठगी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्मैक के साथ तीन गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने तीन लोगो को स्मैक के साथ गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने वनखण्डी में पीपल के पेड के पास तीन लोगों को संदिग्ध अवस्था मे घुमते हुए देखा तो उनको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके कब्जे से 25 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम कृष्णा यादव पुत्र बच्चन यादव निवासी शीशम झाडी मुनिकी रेती, संजीत राजवर पुत्र जयशंकर राजवर निवासी चन्द्रेश्वर नगर व सुरेन्द्र साहनी पुत्र रामप्रीत साहनी निवसी न्यू त्रिवेणी कालोनी चन्द्रेश्वर नगर बताया। पुलिस तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्र वो देवं चित्सहसानमग्निमश्वं न वाजिनं हिषे नमोभिः

भवा नो दूतो अध्वरस्य विद्वान्त्मना देवेषु विविदे मितद्रुः।।

(ऋग्वेद ७–७–१)

मैं उपासना द्वारा प्रभु के प्रकाश को अपने अंतःकरण में प्राप्त करता हूं। प्रभु सब के प्रकाशक हैं। मेरे अंतःकरण का प्रकाश मेरे शत्रु– काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि का नाश करता है। यह प्रकाश तेज गति के घोड़े के समान मुझे मेरे गंतव्य तक ले चले।

I receive the light of the Lord in my conscience through worship. The Lord is the light of all. This light of my conscience destroys my enemies- such as lust, anger, greed, attachment, etc. This light carries me to my destination like a speed- ing horse.

(Rig Veda 7-7-1)


# ऑटो मोड में ही विदेश और सुरक्षा

हरिशंकर व्यास

ऑटो मोड में ही देश की विदेश और सामरिक नीति है। वैसे इसमें यों भी सब 75 साल से ऑटो मोड में है। निर्गुट आंदोलन कब का समाप्त हो चुका है फिर भी भारत की विदेश नीति उसी ढर्रे पर चल रही है। रूस ने यूक्रेन पर हमला किया तो लोकतंत्र और अहिंसा की तमाम दुहाई के बावजूद भारत से यह कहते नहीं बना कि रूस हमलावर है और उसे युद्ध तुरंत बंद करना चाहिए। इस मामले में भी निर्गुट राजनीति कि भारत रूस के साथ भी है और यूक्रेन के साथ भी। इस कूटनीति से भारत लगातार अलग थलग होता जाएगा। ऐसे ही चीन को लेकर भारत की नीति है। चीन 1958 से भारत की जमीन कब्जा करता जा रहा है। वह 1958 में कब्जाई जमीन पर पुल बना रहा है और भारत सरकार कह रही है कि वह उस पुल पर नजर रखे हुए है।

चीन पूर्वी लद्दाख से लेकर डोकलाम के ट्राई जंक्शन तक और अरुणाचल प्रदेश के अंदर तक अंदर तक अपना दावा कर रहा है या दखल बढ़ा रहा है। जिस रफ्तार से भारत के प्रति उसकी विस्तारवादी नीतियां बढ़ रही हैं उसी रफ्तार से उसके साथ भारत का कारोबार भी बढ़ रहा है। एक तरफवह भारत की जमीन खा रहा है तो भारत उसके साथ कारोबार बढ़ा रहा है। ऐसे ही रूस के प्रति भारत की नीति वहीं चल रही है, जो नेहरू के जमाने से चली आ रही है। वह चीन का पिछलग्गू बन गया है फिर भी भारत को उसी के साथ हथियार का सौदा करना है। सो, कुल मिला कर अमेरिका हो या रूस या चीन भारत की विदेश नीति उसी ढर्रे पर चल रही है, जो ढर्रा आजादी के तुरंत बाद देश की पहली सरकार ने बनाया था। उससे रत्ती भर इधर-उधर होने की हिम्मत सरकार नहीं जुटा पा रही है।

# भारत-नेपाल सीमा के समीप पहुंची बाबा विश्वनाथ की डोली



संवाददाता

देहरादून। पिथौरागढ में भारत नेपाल सीमा से कुछ दूरी पर बाबा विश्वनाथ व मां जगदीशिला की डोली पहुंची। आज यहां ध्वजखण्डे रोड से 7 किमी की खड़ी चढाई पिथौरागढ़ में भारत और नेपाल बॉर्डर से कुछ दुरी पर पहुंची बाबा बिश्वनाथ माँ जगदीशिला की डोली, कहा जाता है कि भगवान श्री राम ने हनुमान को संजीवनी बूटी लाने के लिए भेजा था और हनुमान जी पूरा पर्वत उठाकर लाये थे जिसका एक हिस्सा तीसरा स्थान पर भारत और नेपाल के पास ध्वज खंडे नामक स्थान पर पड़ा उसी समय से इस स्थान का नाम ध्वज खंड पड़ा।

## पुलिस लाइन में भर्ती को आये युवती की एक्टिवा चोरी

संवाददाता

देहरादून। पुलिस में भर्ती के लिए आयी युवती की एक्टिवा पुलिस लाइन के बाहर से चोरी हो गयी वहीं चोरों ने फैक्ट्री गेट से मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कौलागढ निवासी हिमानी रावत ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह पुलिस लाईन में पुलिस भर्ती के लिए आयी थी। उसने अपनी एक्टिवा पुलिस लाईन के बाहर खडी कर दी। जब वह थोडी देर बाद वापस आयी तो उसने देखा कि उसकी एक्टिवा अपने स्थान से गायब थी। वहीं दूधली निवासी सुमित पुत्र राजकुमार ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से मोचिका कम्पनी में आया था उसने अपनी मोटरसाईकिल कम्पनी के बाहर खडी की थी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## विधानसभा अध्यक्ष ने की केरल के राज्यपाल से भेंट

संवाददाता

तिरुवनंतपुरम। उत्तराखण्ड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने केरल के राज्यपाल आरिफ मौहम्मद खान से शिष्टाचार भेंट की।



आज यहां उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने अपने केरल प्रवासीय दौरे के दौरान तिरुवनंतपुरम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने विध ानसभा अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल एवं विधानसभा अध्यक्ष के बीच केरल एवं उत्तराखंड राज्य में पर्यटन गतिविधियों एवं विकास योजनाओं से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा वार्ता हुई। वहीं राज्यपाल ने उत्तराखंड की प्रथम महिला विधानसभा अध्यक्ष बनने पर ऋतु खंडूडी को अपनी शुभकामनाएं दी व उनसे सदन संचालन के अनुभव एवं उत्तराखंड विधानसभा की संसदीय कार्यवाही के बारे में भी जानकारी ली।

# सावरकर सदैव युवाओं के प्रेरणा स्रोत रहेंगे: आर्य




संवाददाता

देहरादून। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि वीर सावरकर हिंदुत्ववादी महान विचारक व योद्धा थे,उनके आदर्शों को आज अपनाने की आवश्यकता है,वह सदैव युवाओं के प्रेरणा स्रोत रहेंगे।

आज यहां केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावध ान में 'विद्या, अविद्या व सत्य विद्या' पर गोष्ठी व 139वीं वीर सावरकर जयंती पर उन्हें स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि वीर सावरकर हिंदुत्ववादी महान विचारक व योद्धा थे,उनके आदर्शों को आज अपनाने की आवश्यकता है,वह सदैव युवाओं के प्रेरणा स्रोत रहेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक समस्त हिन्दू समाज एक ओइम् ध्वज के नीचे संगठित नहीं होगा तब तक समस्या का कोई हल नहीं निकलेगा। चाहे कश्मीर हो,बंगाल या केरल वहां के संदेश व घटनाक्रम को समझने व सोचने की आवश्यकता है अन्यथा बहुत देर हो जायेगी। उन्होंने कहा कि विश्व के इतिहास में वीर सावरकर पहले व्यक्ति थे जिनको दो बार आजन्म कारावास की सजा सुनाई गई। वह राजनीति के हिन्दुकरण व हिंदुओ के सैनिकीकरण के पक्षधर थे। उनकी लिखी पुस्तक 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम' छपने से पहले ही प्रतिबंधित हो गई थी। साध्वी कृष्णा मुखी ने कहा कि वेद सब सत्य विद्याओ की पुस्तक है,हमें पठन पाठन कर ज्ञान की वृद्धि करनी चाहिए और अविद्या का नाश करना चाहिए । विद्या हमारा आभूषण है उससे ही विनय और सुख मिलता है। हम प्रकृति को माता और ईश्वर को पिता समझे एवम प्रकृति की रक्षा करे। मुख्य अतिथि आर्य नेत्री आदर्श आर्या व अध्यक्ष अनिता रेलन ने वेदों के प्रचार पर जोर दिया। उ

त्तर प्रदेश के महामंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि वीर सावरकर को यदि आज की युवा पीढ़ी अपना आदर्श बना ले तो कई प्रकार की समस्याएं स्वयं हल हो जायेंगी।उन्होंने कहा कि वीर सावरकर हिन्दू एकता व हिन्दू राष्ट्र निर्माण के प्रबल समर्थक थे। गायिका रचना वर्मा,जनक अरोड़ा,राजश्री यादव,आशा आर्या, सोहनलाल आर्य, रविन्द्र गुप्ता, सरला बजाज, उमा मिगलानी, अमीरचंद रखेजा,रजनी गर्ग, किरण सहगल आदि ने मधुर भजन गाये।

# फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले तीन बदमाशों पर लगी गैंगस्टर एक्ट



हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। कुंडा थाना क्षेत्र में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। फायरिंग के इस मामले में पुलिस पहले ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

जानकारी के अनुसार बीती 10 मई को अनूप सिंह पुत्र कुलवंत सिंह, निवासी ग्राम भरतपुर उधमसिंहनगर द्वारा थाना कुंडा में तहरीर देकर बताया गया था कि जगरूप सिंह पुत्र अमरजीत सिंह, सतनाम सिंह पुत्र अमरजीत सिंह एवं गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र सतनाम सिंह, निवासी ग्राम भरतपुर पन्नू फार्म द्वारा उनके साथ मारपीट, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से गोली चलायी गयी है।

मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी। जिनमें से 10 मई की रात पुलिस ने जगरूप सिंह व 14 मई को सतनाम सिंह एवं गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। अब पुलिस ने आरोपियों की आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए उनके खिलाफ थाना कुंडा पर गैंगस्टर अधिनियम में मुकदमा कर लिया गया है। एसएसपी उधमसिंहनगर द्वारा बताया गया की भविष्य में अपराधियों के खिलाफ ऐसी कार्यवाही जारी रहेगी।

# तीन जेबकतरे गिरफ्तार, भेजा जेल



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। चारधाम यात्रा सीजन व स्नान पर्वो में होने वाली की भीड़ का फायदा उठाते हुए जेब काटने की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन जेबकतरों को पुलिस ने कल देर शाम गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चारधाम यात्रा सीजन एवं सोमवती अमावस्या स्नान पर्व के मद्देनजर संदिग्ध व्यक्तियों की चैकिंग की जा रही थी। ताकि चोरी जेबतराशी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा हरकी पैडी नाईघाट पुल के समीप से तीन संदिग्धों को रोका गया। जिनके पास से पुलिस ने तीन ब्लेड कटर बरामद किये। पूछताछ में उन्होने अपना नाम मनीष वर्मा पुत्र अज्ञाराम वर्मा निवासी नकछे पुरवा थाना मनकापुर जिला गोण्डा, सुभाष वर्मा पुत्र राम लोटन निवासी नकछेपुरवा थाना मनकापुर जिला गोण्डा व राजकुमार पुत्र विजय निवासी नजीनगर बस स्टैण्ड के पास कोटा राजस्थान हाल झुग्गी झोपड़ी रोड़ीबेलवाला बताया। बताया कि आजकल चारधाम यात्रा सीजन एवं स्नान पर्व चल रहे है तो हरिद्वार में काफी भीडभाड आ रही है। दौराने भीडभाड एवं मेले व स्नान के दौरान हम लोग भीड का फायदा उठाकर श्रद्वालुओं की जेब काटने का काम करते हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हे जेल भेज दिया गया है।

# सही दिशा में लगाएं उपकरण

घरों में बिजली के उपकरणों को हम अपनी सुविधा के अनुसार स्थापित कर लेते हैं। अगर इन्हें वास्तु के अनुकूल दिशा में रखा जाए तो जीवन में सहूलियत रहती है और स्वास्थ्य भी प्रभावित नहीं होता। चाहे बिजली का मीटर हो या फ्रिज, वॉशिंग मशीन, कंप्यूटर, टीवी या फिर बिजली के अन्य उपकरण, अमूमन लोग इन्हें अपनी सहूलियत के अनुसार घर में स्थान देते हैं लेकिन वास्तु कहता है कि इन्हें अगर अनुकूल दिशा में स्थान दिया जाए तो जीवन में अधिक सहूलियत रहती है। कहने का आशय यह है कि बिजली के उपकरणों का सही दिशा में नहीं होना, सीधे-सीधे हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

जिस प्रकार ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व दिशा का संबंध आर्थिक समृद्धि से माना जाता है, उसी प्रकार आग्नेय कोण अर्थात दक्षिण-पूर्व दिशा का संबंध बहुत हद तक स्वास्थ्य से होता है। अग्नि तत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली यह दिशा बिजली उपकरणों को रखने के लिए सर्वोचित समझी जाती है। घर में प्रवेश द्वार बनाने के लिए या बोरवैल एवं शयन-कक्ष बनाने के लिए जिस तरह हम वास्तु नियमावली का अनुसरण करते हैं, उसी प्रकार बिजली उपकरणों को स्थापित करने के लिए भी वास्तु सिद्धांतों का ध्यान रखना बहुत आवश्यक है। वास्तु की दृष्टि से महत्व की बात आती है, तो उत्तर-पूर्व के बाद बारी दक्षिण-पूर्व की है। इस कोण को वास्तुदोष से मुक्त रखना अत्यंत आवश्यक होता है। यह दिशा अग्नि तत्व का स्थान है। इसलिए बिजली के सभी उपकरण और मीटर, बिजली का नियंत्रण और वितरण यहीं से होना चाहिए। ऐसा करके अग्नि तत्व को संतुलन में रखा जा सकता है। विदित हो कि अग्नि तत्व का असंतुलित होना कई किस्म के रोगों को आमंत्रित करता है। अगर इन दोषों का निवारण न किया जाए तो कई बार साधारण बीमारियां भी गंभीर रूप ले लेती हैं और परिवार के सदस्यों को असहनीय पीड़ा सहन करनी पड़ती है। बिजली के उपकरण जैसे इनवर्टर, ट्रांसफर्मर, फ्रिज आदि ऊष्मा यानी हीट उत्पन्न करते हैं, इसलिए वास्तुशास्त्र में इनके लिए आग्नेय कोण यानी दक्षिण-पूर्व को ठीक स्थान बताया गया है। रसोईघर के लिए भी यह दिशा उपयुक्त मानी जाती है। आइए, जानते हैं आग्नेय कोण से जुड़े सामान्य वास्तु दोष और उनके निवारण के उपाय-

अगर कोई व्यक्ति इस दिशा के गलत प्रयोग के कारण वास्तु दोषों से ग्रस्त किसी मकान में रह रहा है तो नीचे दिए गए सुझावों को अपनाकर उन दोषों के नकारात्मक प्रभावों से मुक्ति पाई जा सकती है। अग्नि तत्व के असंतुलन से परिवार के सदस्यों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें, वैवाहिक और आर्थिक परेशानियां हो सकती हैं। इन खतरों को कम करने के लिए अग्नि तत्व को शांत करना आवश्यक होता है। इसके लिए दक्षिण-पूर्व कोण में सरसों के तेल का दिया जलाना चाहिए। सूर्योदय के समय दक्षिण-पूर्व कोण में पूर्व की ओर मुंह करके गायत्री मंत्र का जाप करने से भी लाभ होता है। मकान के सभी कमरों में इस दिशा को नियंत्रित रखकर मकान के दक्षिण-पूर्व कोण में मौजूद किसी भी वास्तु दोष का निवारण किया जा सकता है। वॉशिंग मशीन, फ्रिज आदि को दक्षिण-पूर्व कोण में रखने से भी वास्तु दोष दूर हो सकते हैं।

# पुराने दुपट्टे को न समझें बेकार, इन तरीकों से करें दोबारा इस्तेमाल

अकसर जब कोई दुपट्टा पुराना हो जाता है या कहीं से कट-फट जाता है तो उसे पहनने का मन ही नहीं करता। हालांकि, अगर आपके पास इस तरह के दुपट्टा का एक अच्छा खासा कलेक्शन है तो आप उन्हें फेंकने की बजाय कई यूनिक तरीकों से इस्तेमाल कर सकती हैं। चलिए फिर आज हम आपको कुछ ऐसे आसान तरीके बताते हैं, जिनकी मदद से आप अपने पुराने दुपट्टे का बेहतरीन तरीकों से इस्तेमाल कर सकती हैं।

अगर आपके पास एक खूबसूरत सा पुराना दुपट्टा है तो आप उससे टॉप बना सकते हैं। इसके लिए पहले दुपट्टे को आधा मोड़कर इसे डबल लेयर की तरफ से वी शेप में काटें और टॉप का गाला बनाएं। ये सेक्शन 4-5 इंच से ज्यादा बड़ा नहीं होना चाहिए। कटिंग करने से पहले गले की जगह से किनारे को सिल लें ताकि इसको साफ फिनिश मिल सके। अब दुपट्टे के बॉर्डर को काटकर अपने हिसाब से स्लीव्स का डिजाइन बना लें।

अगर डाइनिंग टेबल पर टेबल रनर रखे जाएं तो उससे घर की सजावट में चार-चांद लग जाते हैं। वैसे तो मार्केट में आपको कई तरह के टेबल रनर आसानी से मिल जाएंगे लेकिन इसके लिए आप चाहें तो पुराने दुपट्टे का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। दरअसल, इसकी मोटाई भी टेबल रनर जितनी ही होती है इसलिए आप इन्हें बतौर टेबल रनर आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए बस टेबल पर दुपट्टा बिछाएं।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

-प्रबंधक विज्ञापन

# ऑफिस में इन खराब आदतों की वजह से बढ़ सकता है आपका वजन



वजन घटाना सचमुच एक बड़ी समस्या बना हुआ है। वजन के लगातार बढ़ने के पीछे आज सबसे बड़ा कारण है लंबे समय तक बैठे-बैठे काम करना। कई घंटों तक लगातार एक ही जगह पर बैठकर काम करने वालों का न सिर्फ वजन बढ़ता है, बल्कि इससे सेहत पर भी बुरा असर पड़ सकता है। ऐसे में अगर आपका भी काम लंबे समय तक एक ही जगह पर बैठे रहने का है तो हम आपको कुछ आसान टिप्स बताने जा रहे है जिनकी मदद से आप अपना वजन घटा सकते हैं। जी हां, ऑफिस में कुछ हेल्दी टिप्स फॉलो करके शरीर के बढ़ते वजन को कंट्रोल किया जा सकता हैं। इन टिप्स की मदद से न सिर्फ वजन कंट्रोल में रहेगा साथ थी लंबे समय तक बैठे रहने से होने वाली शारीरिक परेशानियों से भी छुटकारा मिलेगा। इसके लिए बस आपको अपनी कुछ गलत आदतों को छोड़ना होगा।

डेस्क से चिपके रहना

कई लोग डेस्क पर लगातार बैठकर काम करने में लगे रहते हैं। अगर आपकी भी यह आदत है तो सबसे पहले इसको बदल दें। इस तरह की आदतों की वजह से शरीर का वजन तेजी से बढ़ सकता है। दरअसल, आप अपने ऑफिस का टास्क पूरा करने के लिए अपने शरीर की एक्टिविटी पर ध्यान नहीं देते हैं, जिसकी वजह से आपके शरीर की कैलोरी बर्न नहीं होती है। इस स्थिति में शरीर का वजन बढ़ सकता है।

काम का स्ट्रेस

काम का स्ट्रेस लंबे समय तक लेने की वजह से शरीर का वजन बढ़ सकता है। इसलिए ऑफिस के काम को कभी भी स्ट्रेस के रूप में न लें। बल्कि काम को आराम-आराम से दिल लगाकर पूरा करने की कोशिश करें। इससे आपके शरीर का वजन कंट्रोल रहेगा। वहीं, बढ़ते वजन की परेशानी से छुटकारा मिल सकता है साथ ही मानसिक चिंता से भी छुटकारा मिलेगा।

लंच सही समय पर न करना



ऑफिस में काम के लोड के चलते कई बार हम लंच को स्किप कर देते हैं या फिर देरी से लंच करते हैं। ऐसा करना आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक होता है। आपकी यह आदत आपका वजन बाधा सकती है। इसलिए कोशिश करें कि लंच हमेशा समय पर करें। कभी भी लंच को स्किप न करें। इसे आपके शरीर का वजन संतुलित रहेगा।

जल्दी-जल्दी खाना

काम के चक्कर में कई बार हम जल्दी-जल्दी खाना खाते हैं तो आपको बता दे ऐसा बिलकुल ही न करें। ऐसा करने से आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो सकती है और आप मोटापे का शिकार हो सकते हैं।

अन हेल्दी खाना

काम में व्यस्त होने के कारण कई बार लोग कुकीज जैसी कई अन हेल्दी चीजों का सेवन दिनभर करते रहते है। जिसके कारण आपके शरीर में कैलोरी बढ़ने लगती है और मोटापा बढ़ सकता है।

लेट नाइट शिफ्ट

लेट नाईट तक शिफ्ट करने के कारण कई लोग रात में देर से सोते है और ऐसे लोग भूख लगने पर जरूरत से ज्यादा कैलरी लेते है। जिस वजह से मोटापे की समस्या हो सकती है। लेट नाइट शिफ्ट में लोग अक्सर समय से खाना नहीं खा पाते। उनके खाने का समय रोजाना बदलता रहता है।

## शब्द सामर्थ्य -082

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 081 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

# नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी आलिया के प्रोडक्शन की पहली फिल्म डार्लिंग्स

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने पिछले साल ही अपने प्रोडक्शन हाउस एटर्नल सनशाइन का ऐलान किया था। वह शाहरुख खान की प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के सहयोग से फिल्म डार्लिंग्स को प्रोड्यूस कर रही हैं। यह उनके प्रोडक्शन की पहली फिल्म है। खास बात यह है कि आलिया इसमें अभिनय करती हुई भी नजर आएंगी। अब यह फिल्म बहुत जल्द स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। आलिया ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर जानकारी शेयर की है।

आलिया ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर वीडियो शेयर करते हुए डार्लिंग्स की रिलीज डेट से पर्दा उठाया है। उन्होंने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, हाय, डार्लिंग्स। आपसे जल्द ही मिलते हैं। शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि आलिया समेत बाकी कलाकारों ने कितने मजेदार अंदाज में दर्शकों को सरप्राइज दिया। कैमरे के पीछे एक शख्स कलाकारों से यह सवाल करते हुए दिख रहा है कि क्या फिल्म नेटफ्लिक्स पर आएगी।

फरवरी में खबरें सामने आई थीं कि डार्लिंग्स के स्ट्रीमिंग राइट्स नेटफ्लिक्स को बेचे गए हैं। रिपोर्ट की मानें तो नेटफ्लिक्स ने 75 करोड़ रुपये में यह सौदा किया। इसे एक बड़ा डील माना जा सकता है।

डार्लिंग्स में शेफाली शाह और विजय वर्मा दिखेंगे। रोशन मैथ्यू भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। इस फिल्म से निर्देशन के क्षेत्र में जसमीन रीन डेब्यू करेंगी। यह एक डार्क कॉमिडी फिल्म है। फिल्म मध्यम वर्गीय पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। इसकी कहानी एक प्यारी मां-बेटी की जोड़ी के इर्दगिर्द घूमती है, जिसे आलिया और शेफाली पर्दे पर निभाने जा रही हैं। इसकी कहानी विचित्र होगी, जो जिंदगी में पागलपन से भरपूर परिस्थितियों से मुठभेड़ करती हैं। हाल में आलिया की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद नेटफ्लिक्स पर प्रसारित हुई है। यह फिल्म 26 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर आई है। इस फिल्म को भी सीधे नेटफ्लिक्स पर रिलीज करने का ऑफर मिला था। उनकी हॉलीवुड डेब्यू फिल्म हार्ट ऑफस्टोन भी नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 2020 में आलिया की फिल्म सडक़ 2 ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया था।

# पंकज त्रिपाठी, सयानी गुप्ता ने शेरदिल- द पीलीभीत सागा से बीटीएस तस्वीर ट्वीट की

पंकज त्रिपाठी ने सह-कलाकार सयानी गुप्ता के साथ एक सनी ऑन-लोकेशन तस्वीर ट्वीट की है, जो श्रीजीत मुखर्जी की शेरदिल द पीलीभीत सागा के लिए उत्साह बढ़ाने के लिए है, जो 24 जून को रिलीज होने वाली है। तस्वीर के बारे में अभिनेता ने ट्वीट किया, आंखों में स्नेह। दिलों में पवित्रता। अपने रीट्वीट में, सयानी ने प्यार से कहा- इस सपने देखने वाले आदमी के साथ सपने देखोइसने एक प्रसिद्ध बंगाली निर्देशक मुखर्जी को टिप्पणी के साथ जोर दिया- धूप तेरा मस्ताना। जाहिर तौर पर आराधना में राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर पर फिल्माए गए प्रसिद्ध किशोर कुमार गीत रूप तेरा मस्ताना के शब्दों के साथ खेला है।

शेरदिल द पीलीभीत सागा, जो शहरीकरण, गरीबी और मानव-पशु संघर्ष की परस्पर क्रिया के बारे में है, विद्या बालन अभिनीत 2017 की पीरियड ड्रामा बेगम जान के बाद मुखर्जी की दूसरी हिंदी फिल्म है। उन्होंने कहा कि उन्हें पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सीमा से लगे गांवों में दुखद प्रथाओं के कारण हुई एक वास्तविक घटना से प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा- परिवार को बचाने के लिए अपनी जान कुर्बान करने के लिए बहुत साहस की जरूरत होती है और मेरी फिल्म मनुष्य और प्रकृति के बीच संघर्ष पर केंद्रित इस वीरता के इर्द-गिर्द घूमती है।( आरएनएस)

# विक्रांत रोना का का पहला गाना रा रा रक्कम्मा हुआ रिलीज, देखिये गाने का वीडियो

विक्रांत रोना के निर्माताओं ने फिल्म का आज पहला गाना रिलीज़ कर दिया है। रा रा रक्कम्मा शीर्षक वाला यह गाना कन्नड़ में रिलीज़ किया गया है। गाने के रिलीज होने के बाद से इसे दर्शकों का अपार प्यार मिल रहा है। इसे कमेंट सेक्शन और ट्विटर पर जैकलीन फर्नांडीज और किच्चा सुदीप दोनों को टैग करते हुए देखा जा सकता है। जैकलीन फर्नांडीज को गडंग रक्कम्मा-द क्वीन ऑफगुड टाइम्स के रूप में पेश करने वाले गीत ने दर्शकों के बीच विक्रांत रोना के लिए उत्साहित कर दिया है। गाने को सुनिधि चौहान और नकाश अजीज ने गाया है। हाल ही में रिलीज हुआ ये नया गाना पार्टी के लिए एकदम सही है। हलांकि दुरुख की बात ये है की बात यह है कि गाने के निर्माताओं ने अभी पूरे गाने के वीडियो को साझा नहीं करने का फैसला किया है। फिल्म की बात करें तो, इसे अनूप भंडारी द्वारा निर्देशित किया गया है, कन्नड़ फंतासी साहसिक फिल्म में सुदीपा के साथ मुख्य भूमिका में निरुप भंडारी हैं। कन्नड़ फिल्म 28 जुलाई 2022 को एक साथ तमिल, मलयालम, हिंदी और तेलुगु भाषाओं में 3डीफॉर्मेट्स में रिलीज होगी। फिल्म की कहानी कथित तौर पर एक तटीय क्षेत्र में स्थित एक काल्पनिक गांव से एक गर्भवती महिला की रहस्यमय मौत पर आधारित हैउन लोगों के लिए, विक्रांत रोना पहली फिल्म बन गई, जिसका शीर्षक और लोगो दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा पर सामने आया। ट्विटर पर अभिनेता सुदीपा ने इस घटना के बारे में लिखा, में सभी मीडिया और , मुझे चाहने और प्यार करने के लिए में सबका शुक्रियादा करता हूँ( आरएनएस)

# आमिर की फिल्म लाल सिंह चड्ढा का ट्रेलर 29 मई को होगा रिलीज



स्टाइल, विचार, और अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाने वाले बॉलीवुड एक्टर आमिर खान आजकल अपनी फिल्म लाल सिंह चड्ढा के लिए खबरों में बने हुए हैं। उन्होंने फिल्म लाल सिंह चड्ढा के ट्रेलर लॉन्च के लिए एक बड़ा, दिलचस्प और अनोखा प्लान तैयार किया है। क्रिकेट और सिनेमा के दीवानों के लिए दोहरी खुशी है क्योंकि आईपीएल के समापन के दिन 29 मई को लाल सिंह चड्ढा का ट्रेलर लॉन्च किया जाएगा। करीबी सूत्र ने बताया, जब आमिर खान हैं, तो इसे भव्य होना चाहिए और पहले कभी नहीं सुना होगा। इसीलिए लाल सिंह चड्ढा का ट्रेलर 29 मई को आईपीएल के समापन के दिन लॉन्च किया जाएगा। आईपीएल उत्साह, आमिर खान अभिनीत फिल्म के निर्माताओं ने जानबूझकर अपनी फिल्म का ट्रेलर लॉन्च करने का फैसला किया है, जो सिनेमा और क्रिकेट के प्रशंसकों के लिए बहुत आश्चर्य की बात है।आमिर खान हमेशा ही अपने नए नए फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, चाहे वह अलग-अलग किरदारों के साथ प्रयोग करना हो, दिलचस्प विषय हों और फिल्म के प्रचार-प्रसार के नए विचार हों।

विपणन और विज्ञापन जगत के इतिहास में यह पहली बार है कि दर्शक इतने बड़े लाइव क्रिकेट समारोह के दौरान एक प्रचार संपत्ति लॉन्च देखने जा रहे हैं। ट्रेलर दूसरे रणनीतिक समय के दौरान स्टार स्पोर्ट्स पर टेलीविजन पर लाइव स्ट्रीम होगा।

29 मई को होने वाला फिनाले मैच विज्ञापन और मार्केटिंग की दुनिया में एक क्रांति और नया बेंचमार्क बना रहा है। यह पहली बार है कि किसी फिल्म का विश्व टेलीविजन प्लेटफॉर्म और खेल जगत पर एक भव्य ट्रेलर लॉन्च होने जा रहा हैऐसा नही है कि ये पहली बार हुआ है खैर आमिर तो हमेशा ही कुछ दिलचस्प करते रहते हैं, आमिर अच्छी तरह से अनुमानित चाल चलने में माहिर हैं। आईपीएल के फिनाले में ट्रेलर का अनावरण सिनेमा के इतिहास में किसी भी निमार्ता द्वारा किए गए सबसे बड़े और उल्लेखनीय कदमों में से एक कहा जा सकता है। इस बीच, लाल सिंह चड्ढा के गानों ने पहले ही प्रशंसकों के दिलों पर कब्जा कर लिया है। फिल्म के गानें कहानी और मैं की करण दोनों आज भारत में लोकप्रिय और सबसे अधिक बजाए जाने वाले गीतों में से हैं। आमिर के प्रशंसकों ने दोनों गानों के संगीत और गीतों को पसंद किया है क्योंकि वे फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# परिणीति चोपड़ा ने माइनस 12 डिग्री में किया शूट



हिंदी सिनेमा जगत की खुबसूरत अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर एक क्लिप साझा की है जिसमें वह शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस में शूटिंग करती नजर आ रही हैं। परिणीति इस समय गायक हार्डी संधू के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। इस शेयर की हुई वीडियो में परिणीति बताती हैं कि, कैसे निर्देशक की दाढ़ी, कैमरा और पीने के पानी सब कुछ जम गया। वीडियो में परिणीति बुर्के में, गर्म जैकेट के साथ खुद को गर्म रखने के लिए, हार्डी के साथ खड़ी हैं, जो एक मोटी जैकेट में है। वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए परिणीति ने लिखा, माइनस 12 डिग्री। मेरा अब तक का सबसे ठंडा शूट। सबसे अच्छी बात यह थी कि मेरे हीरो को भी पतली पोशाक पहननी पड़ी और उन्हें भी मेरे साथ ठंड महसूस हुई। खैर इस फिल्म के बारे में विवरण अभी भी गुप्त रखा गया है।

# 21 जुलाई को शादी रचाएंगे पायल रोहतगी और संग्राम सिंह



अभिनेत्री पायल रोहतगी और पहलवान संग्राम सिंह की जोड़ी अपनी प्रेम कहानी को लेकर लाइम लाइट में बनी रहती है। दोनों काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हाल में पायल को कंगना रनौत के शो लॉकअप में देखा गया था। अब उनके फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। खबरों की मानें तो पायल और संग्राम 21 जुलाई को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। कपल ने अपनी शादी की आधिकारिक घोषणा कर दी है।

संग्राम ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर शादी की जानकारी दी है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, इस जुलाई में हम शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। साथ ही संग्राम ने पायल के साथ अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में दोनों पोज देते हुए नजर आए हैं। सोशल मीडिया पर संग्राम और पायल को खूब बधाइयां मिल रही हैं। एक यूजर ने अपने कमेंट में लिखा, आपको बहुत बधाई भैया-भाभी जी।

संग्राम ने कहा, हमने शादी की तारीख को अंतिम रूप नहीं दिया है। हम मेरे जन्मदिन के करीब एक तारीख चाहते हैं। हम अभी एक तारीख को फाइनल करने की प्रक्रिया में हैं। शादी की तारीख 22 जुलाई या 27 जुलाई हो सकती है। उन्होंने कहा, हम गुजरात, हरियाणा या राजस्थान में शादी करने की योजना बना रहे हैं। मैं सादगीपूर्वक अपने परिवार की मौजूदगी में शादी के बंधन में बंधना चाहता हूं।

संग्राम और पायल में पिछले 12 सालों से डेटिंग चल रही है। दोनों पहली बार रियलिटी शो सर्वाइवर इंडिया के सेट पर मिले थे। इसी शो में दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई थी। अपने हालिया इंटरव्यू में संग्राम पायल की तारीफ में कई तरह की बातें कह चुके हैं। अब आखिरकार उन्होंने अपने रिश्ते को नाम देने का फैसला किया है। चूंकि, संग्राम का जन्मदिन 21 जुलाई को है, इसलिए शादी भी उसी दिन हो सकती है।

2011 से पायल पहलवान संग्राम के साथ रिलेशनशिप में हैं। 2014 में इन दोनों ने अहमदाबाद में सगाई की थी। पायल का फिल्मी सफर दिलचस्प रहा है। पायल ने फेमिना मिस इंडिया पेजेंट का हिस्सा बनकर अपने करियर की शुरुआत की थी। वह ये क्या हो रहा है, रिफ्यूजी, रक्त, 36 चाइना टाउन, ढोल, दिल कबड्डी जैसी फिल्मों में मौजूदगी दर्ज करवा चुकी हैं। उन्हें बिग बॉस, फियर फैक्टर इंडिया 2 जैसे टीवी शोज में भी देखा गया है। कंगना के शो लॉकअप में पायल ने कहा था कि वह कभी मां नहीं बन सकतीं। उनकी मानें तो इसी वजह से उन्होंने संग्राम को किसी और से शादी करने की नसीहत दी थी। इसके बावजूद संग्राम पायल के साथ अपना घर बसाना चाहते हैं। (आरएनएस)

# राष्ट्रप्रेम की डींगों का धरातली आइना

डा. रवीन्द्र अरजरिया

दुनिया के सामने मातृभूमि की छवि धूमिल करने की एक कोशिश गोरों की धरती पर फिर हो रही है। लंदन के कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में आइडियाज फार इंडिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। यूं तो कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी गुलामी के दौर से ही भारत के विरुध्द वहां पढने वाले भारतवासियों की मानसिकता परिपक्व करने का काम करती रही है। हमारे देश के अधिकांश सम्पन्न लोगों की संतानें खोखले इस्टेटस का मुखौटा ओढकर इसी यूनिवर्सिटी में दाखिला लेती हैं। इतिहास गवाह है कि स्वाधीनता के पहले देश में गुलामी के विरुध्द बिगुल फूंकने वालों पर गोरों ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के तत्कालीन छात्रों को ही नेता बनाकर देश पर थोपा था। वास्तविक क्रांतिकारियों को प्रताडना, जेल और फांसी दी जाती रही और थोपे गये नेताओं को महात्व, सम्मान और उपाधियां। राष्ट्रवादी विचारधारा पर पश्चिमी सोच का अतिक्रमण कराया जाता रहा। देश के अपराधियों एवं भगोडों की सुरक्षित शरणगाह के रूप में आज भी लंदन पहली पसन्द है। इसी यूनिवर्सिटी में आइडियाज फार इंडिया सम्मेलन आयोजित करके देश के बढते कद पर कुठाराघात करने का षडयंत्र रचा गया। सम्मेलन में राहुल गांधी के अलावा सीताराम येचुरी, सलमान खुर्शीद, तेजस्वी यादव, महुआ मोइत्रा और मनोज झा सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने भागीदारी दर्ज की। राहुल गांधी ने विदेश में अपने देश की छवि को तार-तार करने में कोई कसर नहीं छोडी। उन्होंने कहा कि भारत के हालात ठीक नहीं हैं, बीजेपी ने चारों तरफकेरोसिन छिडक रखा है। इससे भी दो कदम आगे बढकर उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी भारत को फिर से हासिल करने के लिए लड रही है। यानी पुनरू देश पर वर्चस्व कायम करके मनमानी चाहती है। वहीं चीन के साथ तनातनी को राहुल गांधी ने रूस-यूक्रेन युध्द से जोडा तथा भारत में पाकिस्तान जैसे हालातों से तुलना तक कर दी। क्या राहुल गांधी चीन को रूस बनकर यूक्रेन की तरह भारत पर आक्रमण करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं या फिर पाकिस्तान को बता रहे हैं कि हमारे देश के हालत आपसे ज्यादा बेहतर नहीं हैं, यहा मौका है जब भारत पर शिकंजा कसा जा सकता है। विदेशों में जाकर अपनी धरती के हालातों की शरारत पूर्ण व्याख्या करने के पीछे किसी को खुश करने की मंशा तो नहीं है, ऐसी अनेक संभावनायें चौपालों से चौराहों तक कही-सुनी जा रहीं हैं। भारत का नागरिक विदेश में केवल और केवल भारतीय ही होता है, भारत माता का लाल होता है, अपनी धरती का लाडला होता है। ऐसा नागरिक अपने घर के अन्दर चल रही आपसी वैमनुष्यता को सडक पर उजागर नहीं करता। प्रश्न उठता है कि गोरों के षडयंत्र में फंसकर इक्कीस वीं सदी के ये पढे-लिखे लोग राष्ट्र की निरंतर शिरोन्मुख होती छवि को आखिर कहां ले जाना चाहते हैं? वर्तमान में दुनिया के ज्यादातर देश भारत के विकास को आदर्श मानकर अंगीकार कर रहे हैं वहीं देश के चन्द लोग गला फाड-फाडकर मनमाने वक्तव्य जारी कर रहे हैं। यह वही लोग है जिन्हें देश के आवाम ने नकार दिया है। चुनावों के परिणामों ने उन्हें उनकी औकात बता दी है। स्वार्थ की बुनियाद पर किये गये गठबंधनों की हवा निकल गई। स्वयं की पार्टी के अंदर चल रहे अन्तर्कलह उन्हें दिखाई नहीं देते। अगर दिखती है तो केवल विरोध करने के लिये काल्पनिक आंकडों की बाजीगरी, स्वयं-भू ज्ञानी होने के अह्म की संतुष्टि और समान सोच के लोगों के मध्य बंद कमरों में मृगमारीचिका के पीछे भागने की संकल्पना। सम्मेलन में आइडियाज फार इंडिया पर विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित लोग जब स्वयं के देश को गुलामी युग के दृश्यों में समाई दयनीय, दरिद्र और पतन के गर्त में पहुंचने जैसी राष्ट्र विरोधी परिभाषायें गढने लगें, समाने आ जाता है राष्ट्रप्रेम की डींगों का धरातली आइना। ईमानदाराना बात तो यह है कि स्वाधीनता के बाद से साम्प्रदायिक खाई बढाने के लिए पर्दे के पीछे से निरंतर षडयंत्र किये जाते रहे। सत्ताधारियों ने कभी संविधान संरचना के दौरान विभाजनकारी बिन्दुओं को छद्म रूप से संयुक्त कर दिया तो कभी विभिन्न कानूनों की आड में कथित अह्म को पोषित किया। कभी आपातकाल में नसबंदी के चाबुक से एक ही सम्प्रदाय को लहूलुहान किया तो कभी मनगढन्त इतिहास को प्रमाणिता के साथ परोसा गया। तुष्टीकरण की चासनी में अफीम मिलाकर चटाने वालों ने वर्तमान हालातों की पटकथा तो गोरों के इशारे पर स्वाधीनता मिलने के साथ ही लिख दी थी, बाद के अनेक सत्ताधारियों ने तो उसे ही आगे बढाया था। आज जब देश आयात के स्थान पर निर्यात करने की स्थिति में पहुंच गया है, दुनिया को सहायता देने की दम भरता है, सहयोग के नये कीर्तिमान गढ रहा है, शक्तिशाली देशों की कतार में अग्रणीय होता जो रहा है तब मंदिर-मस्जिद जैसे नितांत व्यक्तिगत आस्था के मुद्दों से आवाम के मध्य तनाव पैदा करने की कोशिशें करने वालों में जहां वामपंथियों की बडी जमात है वहीं अनेक फिरका पसंद पार्टियां भी टुकडे-टकडे गैंग के साथ खडी दिखाई देतीं हैं। छात्र आंदोलन के नाम पर चन्द वाम संगठन ही हो हल्ला मचाने लगते हैं और ऐसा ही किसानों के नाम पर भीड एकत्रित करके दबाव की राजनीति होने लगती है। जीवन को संवारने वाले छात्रों को किसी मुद्दे पर शिक्षक के व्दारा की जाने वाली टिप्पणी से क्या सरोकार हो सकता है, वह तो शिक्षा प्राप्त करने आया है, अध्ययन उसकी क्रिया है, सफलता उसका लक्ष्य। वह राजनीति करने की गरज से किसी भीड का अंग बनकर नारे लगाने, तख्ती पकडने के लिए कालेज नहीं आया है। इसी तरह किसान के पास खेतों में मसक्कत करने से ही वक्त नहीं बचता जो वह सडकों को महीनों तक जाम करने के लिए बैठा रहे। यह जाम करने वाले और बैनर तख्ती लेकर प्रदर्शन करने वाले किसी और मंशा से यह लिबादा ओडकर सामने आते हैं। ठीक इसी तरह मुहल्ले के रमजान और रामदीन के मध्य खाई खींचने वाले आयातित सोच के लोगों से हमें सावधान होना होगा अन्यथा विश्व स्तर पर गुरुता का सिंहासन पाने की यात्रा अवरुध्द हो सकती है। हम मां भारती की गोद में किलकारी लगाने वाले उसी के लाडले है जो वतन की खातिर कल भी तैयार थे, आज भी तैयार है और कल भी तैयार रहेंगे। फिलहाल इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

## ऑटो मोड में ही विदेश और सुरक्षा

हरिशंकर व्यास

ऑटो मोड में ही देश की विदेश और सामरिक नीति है। वैसे इसमें यों भी सब 75 साल से ऑटो मोड में है। निर्गुट आंदोलन कब का समाप्त हो चुका है फिर भी भारत की विदेश नीति उसी ढर्रे पर चल रही है। रूस ने यूक्रेन पर हमला किया तो लोकतंत्र और अहिंसा की तमाम दुहाई के बावजूद भारत से यह कहते नहीं बना कि रूस हमलावर है और उसे युद्ध तुरंत बंद करना चाहिए। इस मामले में भी निर्गुट राजनीति कि भारत रूस के साथ भी है और यूक्रेन के साथ भी। इस कूटनीति से भारत लगातार अलग थलग होता जाएगा। ऐसे ही चीन को लेकर भारत की नीति है। चीन 1958 से भारत की जमीन कब्जा करता जा रहा है। वह 1958 में कब्जाई जमीन पर पुल बना रहा है और भारत सरकार कह रही है कि वह उस पुल पर नजर रखे हुए है।चीन पूर्वी लद्दाख से लेकर डोकलाम के ट्राई जंक्शन तक और अरुणाचल प्रदेश के अंदर तक अंदर तक अपना दावा कर रहा है या दखल बढ़ा रहा है। जिस रफ्तार से भारत के प्रति उसकी विस्तारवादी नीतियां बढ़ रही हैं उसी रफ्तार से उसके साथ भारत का कारोबार भी बढ़ रहा है। एक तरफवह भारत की जमीन खा रहा है तो भारत उसके साथ कारोबार बढ़ा रहा है। ऐसे ही रूस के प्रति भारत की नीति वहीं चल रही है, जो नेहरू के जमाने से चली आ रही है। वह चीन का पिछलग्गू बन गया है फिर भी भारत को उसी के साथ हथियार का सौदा करना है। सो, कुल मिला कर अमेरिका हो या रूस या चीन भारत की विदेश नीति उसी ढर्रे पर चल रही है, जो ढर्रा आजादी के तुरंत बाद देश की पहली सरकार ने बनाया था। उससे रत्ती भर इधर-उधर होने की हिम्मत सरकार नहीं जुटा पा रही है।

## सू- दोकू क्र [illegible]82

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.081 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

# विपक्ष की राजनीति भी लीक पर

हरिशंकर व्यास

ऐसा नहीं है कि सत्तारूढ़ दल ने देश के मध्यकालीन इतिहास को वर्तमान बनाने का अभियान शुरू करके उसे ऑटो पायलट मोड में डाल दिया तो उसे रास्ते पर लाने के लिए विपक्ष कुछ कर रहा है। विपक्ष कुछ नहीं कर रहा है। उसकी राजनीति भी एक ढर्रे पर और एक चाल से चल रही है। बीच बीच में क्षेपक की तरह कोई विपक्षी पार्टी कुछ करती है, जैसे अभी कांग्रेस पार्टी का चिंतन शिविर हुआ। उसके बाद फिर सब अपने खोल में दुबक जाते हैं। सोचें, कांग्रेस के इतने बड़े चिंतन शिविर से क्या निकला? इस शिविर का नाम नव संकल्प शिविर रखा गया था लेकिन क्या कांग्रेस ने कोई नया संकल्प किया? क्या उसने इस बात पर विचार किया कि ऐतिहासिक भूल सुधार का जो स्वचालित अभियान इस देश में चल रहा है उसे कैसे रोका जा सकता है? असल में कांग्रेस ने किसी जरूरी मसले पर विचार ही नहीं किया।

तभी कांग्रेस में सब कुछ उसी ढर्रे पर चल रहा है, जिस पर पहले चल रहा था। कांग्रेस का नव संकल्प शिविर खत्म हुआ और एक हफ्ता पूरा होने से पहले दो बड़े नेताओं ने पार्टी छोड़ दी। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष रहे सुनील जाखड़ ने यह कहते हुए पार्टी छोड़ी की कांग्रेस पंजाब का बंटवारा करना चाह रही है। 5० साल तक उनका परिवार कांग्रेस से जुड़ा रहा और एक झटके में वे भाजपा में चले, जिसका 5० साल तक उन्होंने और उनके पिता ने विरोध किया था। यह हिंदू राजनीति की अनिवार्य परिणति है। हिंदू होने की वजह से कांग्रेस ने उनको मुख्यमंत्री नहीं बनाया था। इसलिए वे अपनी हिंदू पहचान लेकर भाजपा में चले गए। यह कोई मामूली बात नहीं है। इसका मैसेज है कि हिंदू पहचान वाले नेताओं की जगह भाजपा में ही है। सिख बहुल राज्य के एक बड़े हिंदू नेता के कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में जाने का मैसेज दूसरे कई राज्यों में जाएगा। कांग्रेस को इसकी रत्ती भर परवाह नहीं है।



कांग्रेस के नव संकल्प शिविर के एक हफ्ता पूरा होने से पहले गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल पार्टी छोड़ कर चले गए। उन्होंने पार्टी छोड़ते हुए आरोप लगाया कि जब भी वे गुजरात के बारे में बात करने पार्टी के शीर्ष नेता के पास गए तो वे अपने मोबाइल में बिजी रहते थे। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी का जिक्र किया और कहा कि बड़े मौकों पर वे विदेश में रहते हैं। उनकी कही यह बात जिस दिन अखबारों में छपी उसी दिन राहुल गांधी लंदन चले गए। उनको कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम में भाषण देना है पर उस भाषण से चार दिन पहले ही वे लंदन पहुंच गए। तभी क्या ऐसा नहीं लग रहा है कि कांग्रेस में भी सब कुछ ऑटो पायलट मोड में चल रहा है। पार्टी लगातार चुनाव हार रही है, नेता पार्टी छोड़ कर जा रहे हैं और शीर्ष नेता विदेश दौरा कर रहे हैं।

विपक्ष की प्रादेशिक पार्टियों के पास कांग्रेस जैसी लग्जरी नहीं है फिर भी उसके नेता कोई खास प्रयास नहीं कर रहे है। उनका काम भी इस लिहाज से ऑटो पायलट मोड में है कि चुनाव खत्म होते ही वे राजनीति से विमुख हो जाते हैं। चुनाव के बाद उनका पांच साल का समय सोशल मीडिया में कटता है। वहीं पर एक ट्विट इस मसले पर किया और दूसरे मसले पर दूसरा ट्विट किया फिर मजे से घर में बैठे हैं।

समाजवादी पार्टी के सबसे बड़े नेताओं में से एक आजम खान 27 महीने के बाद जेल से रिहा हुए तो पार्टी सुप्रीमो ने स्वागत हैज् का एक ट्विट कर दिया, जबकि शिवपाल यादव उनको रिसीव करने जेल गेट पर पहुंच गए। शिवपाल यादव राजनीति कर रहे हैं और उनके पीछे कौन सी राजनीतिक ताकत है यह भी सबको पता है लेकिन सवा सौ सीट वाली विपक्षी पार्टी राजनीति को ऑटो पायलट मोड में डाल कर बैठी है।

# लघु व्यापारियों ने दिया धामी को खुला समर्थनः चोपडा

हरिद्वार (संवाददाता)। लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतिय अध्यक्ष संजय चोपडा ने कहा कि चम्पावत चुनाव में रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपना खुला समर्थन दिया।

आज यहां चंपावत, टनकपुर से विधानसभा का उपचुनाव लड़ रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को विजयश्री दिलाने के लिए भाजपा में सम्मलित हुए लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के संयोजन में भाजपा हाईकमान का आभार प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विधानसभा



चुनाव चंपावत में रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों के खुले समर्थन के साथ अलकनंदा घाट पर गंगेश्वर महादेव की विशेष पूजा अर्चना के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जीत की कामना को लेकर दूध अभिषेक किया। इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा बनबसा, टनकपुर, चंपावत इत्यादि क्षेत्रों में लघु व्यापार एसोसिएशन की सभी क्षेत्रीय इकाइयों के संगठित रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जीत के लिए अपने मत का शत- प्रतिशत प्रयोग कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भारी मतों से विजयश्री दिलाएंगे। भारतीय जनता पार्टी में लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के सम्मलित होने से उत्साहित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जीत की कामना को लेकर गंगेश्वर महादेव का दूध अभिषेक करते लघु व्यापारियों में राजेंद्र पाल, मनोज मंडल, सुशांत कुमार, वीरेंद्र सिंह, मानसिंह, अशोक कुमार, पंडित मनीष शर्मा, लाल चंद गुप्ता आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## आईपीएल में सट्टा लगाने वाला सटोरिया गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ़। आईपीएल में सट्टा लगाने के आरोप में पुलिस ने एक सटोरिये को हजारों की नगदी व सट्टा पर्ची सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज कोतवाली पिथौरागढ़ पुलिस को सूचना मिली कि ऐचोली तिराहे के पास एक व्यक्ति आईपीएल आईपीएल पर सट्टा खिलवा रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर छापेमारी करते हुए पुष्कर सिह पुत्र चंचल सिह निवासी किरगाँव ऐचोली पिथौरागढ़ को सट्टा खिलवाते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके पास से पुलिस ने 6100 रूपये की नगदी व सट्टा पर्ची बरामद की गयी। पुलिस ने उसके खिलाफ जुआ अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

## चंपावत करेगा उत्तराखंड का नेतृत्व..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

सेवा की है पूरे देश को समृद्ध बनाया है अब उत्तराखंड के समृद्ध बनने की बारी है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में चंपावत के लोगों को एक विधायक नहीं चुनना है मुख्यमंत्री चुनना है। चंपावत को 1997 में विधानसभा क्षेत्र बनाया गया था 25 साल के इंतजार के बाद आपको यह मौका मिला है। कहा जाता है की प्यासा कुएं के पास आता है लेकिन यहां कुआं खुद प्यासे के पास आ गया है। आपके सभी सपने पूरे होने जा रहे हैं।

योगी ने कैलाश गहतोड़ी की दूरदर्शिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने धामी के लिए अपनी विधायकी का परित्याग कर चंपावत के विकास को जो प्राथमिकता दी है इसे इतिहास याद रखेगा। उन्होंने कहा कि हमें धामी की जीत में कोई संदेह नहीं है लेकिन आपकी हामी के बिना भी यह संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के लोगों को अभी विकास की लंबी लड़ाई लड़नी है। क्योंकि विकास में ही सभी समस्याओं का समाधान निहित है और विकास का कोई विकल्प नहीं है। इससे पूर्व सीएम धामी ने दो किलोमीटर लंबा रोड शो भी किया जिसमें लोगों ने उन पर फूल बरसा कर उनका स्वागत किया जनसभा में सांसद रेखा वर्मा, अजय टम्टा, मदन कौशिक, गणेश जोशी, रेखा आर्य तथा दीप्ति रावत के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे। धामी को सुनने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ जमा हुई थी।

# कांग्रेसियों ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

देहरादून। वार्ड 31 की समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर आयुक्त से मिलकर उनको ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की।



आज यहां कांग्रेस कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा के नेतृत्व में एकत्रित हुए जहां पर उन्होने नगर आयुक्त से मिलकर वार्ड 31 की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 को सभी वार्डो में मौहल्ला स्वच्छता समिति गठित करने का प्रस्ताव पारित किया गया था। जिसमें कर्मचारी रखने व उनसे काम कराने का जिम्मा पाषर्दो को दिया गया था। लेकिन इन समितियों में दोस्तों, रिश्तेदारों को तथा की जगह तो कागजों में कर्मचारी दर्शाकर फर्जीवाडा कर निगम के बजट को चूना लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड 31 में 70-75 साल पुराना पंचायत घर है जो कि ग्रामसभा की भूमि पर नहीं बनाया गया इसको ग्रामीणों द्वारा श्रमदान करके बनाया था। उसमें गांव का हर छोटा बडा कार्य होता था। इसमें करीब 45 वर्षो से एक स्वास्थ्य केन्द्र जिसमें गर्भवती महिलाओं की देख रेख और आंगनवाडी केन्द्र के माध्यम से बच्चों की देख रेख होती थी रविवार को बच्चों को पोलिया ड्राप भी इसी पंचायत घर में दी जाती थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 व 2022 के बीच नगर निगम द्वारा इसका जीणोद्वार कराया गया इसके बाद से पार्षद व पार्षद पति द्वारा पंचायत घर में ना महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण करने दिया जा रहा है और ना ही रविवार को पोलियो ड्राप पिलायी जाती है। इसके साथ ही उन्होंने नगर आयुक्त के सामने अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। उन्होंने मांग की है कि इन समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाये। ज्ञापन देने वालों में लक्की राणा, विजय प्रसाद भटटराई, रतन सिंह रावत, अशोक कुमार, दर्शन सिंह चौहान, खुशीराम व विनोद जोशी शामिल थे।

## मारपीट के मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

देहरादून (सं)। घर में घुसकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बद्रीनाथ कालोनी नेशविला रोड निवासी तुलसी चौहन पत्नीनिर्मल सिह ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज सांय चार बजे 10-15 लडके लाठी डण्डो के साथ नशे मे उसके घर पर आकर उसको व उसके पुत्र विनय चौहन के साथ मारपीट व गाली गलौच करने लगे तथा जान से मारने के लिये उतावले थे । मौहल्ले के लोगो को देखकर जान से मारे की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## आईटीबीपी में फर्जी तरीके से भर्ती का प्रयास करने वाला एक और गिरफ्तार

देहरादून (सं)। भारत तिब्बत सीमा पुलिस में फर्जी तरीके से भर्ती होने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने एक ओर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आज यहां इसकी जानकारी देते हुए बसंत विहार थाना प्रभारी नरेश राठौर ने बताया कि आईटीबीपी स्थित सीमाद्वार सेंटर में फिजिकल की परीक्षा चल रही है। गत दिवस बलराम सिंह पुत्र लोकेश सिंह निवासी बुढाना मुजफ्फर नगर फिजिकल परीक्षा में बलराम सिंह का बांये हाथ का अंगूठा बायोमेट्रिक मशीन पर मिलान किया तो बेमेल पाया। जिसके बाद बलराम की पहचान के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल भर्ती के लिए नोडल फोर्स द्वारा उपलब्ध करायी गयी फोटोग्राफ जो लिखित परीक्षा के दौरान उपस्थित अभ्यार्थी से मिलान किया गया जिसके बाद बलराम की फोटो लिखित परीक्षा के दौरान उपस्थित अभ्यार्थी के फोटो से मेल नहीं खा रही थी। जब उससे सख्ती से पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि उसके स्थान पर लिखित परीक्षा देने के लिए दलाल अजय राणा ग्राम दहा जिला बागपत ने किसी अन्य व्यक्ति को भेजा था। अजय राणा को बलराम पुत्र लोकेश सिंह के चाचा नवीन कुमार ने हायर किया था। जिसके बाद पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# भूमि पर कब्जा करने के मामले में दो नामजद

संवाददाता

देहरादून। भूमि पर कब्जा करने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन्दर रोड निवासी सुमन्त भूषण ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी विकासनगर में अपने भाई व मां के साथ तीन जगहों पर भूमि है तथा वह उनके नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उपरोक्त तीनों खातों की सम्पत्ति एक ही जगह स्थित है और इस सम्पत्ति पर कुछ भू-माफिया नजरें गढ़ाये हुए हैं और इस सम्पत्ति पर फर्जी अभिलेखों के आधार पर अपना अधिकार प्रदर्शित करते हैं।

उसने बताया कि गत दिवस सुबह उसके केयर टेकर श्रीमती भारती देवी ने उसको सूचना दी कि कुछ असमाजिक तत्व सम्पत्ति में घुस आये हैं, और उन्होंने सम्पत्ति पर एक बोर्ड जबरन लगा दिया है और उक्त बोर्ड पर लिखा कि यह सम्पत्ति बिकाऊ नहीं है बगैर आज्ञा प्रवेश वर्जित है। वह तुरन्त मौके पर पहुंचा, मौके पर 5-7 व्यक्ति जिनमें मुकिम रोशन, पुत्र अब्दुल हकीम सिद्दीकी, निवासी मन्नूगंज, देहरादून व असलम, पुत्र यामीन, निवासी मच्छीबाजार, देहरादून तथा अन्य असामाजिक तत्व, जिन्हें वह नाम से नहीं जानता, वे मौके पर उपस्थित थे, उन्होंने उसके साथ मौके पर गालीगलौच की और उसके सामने उसकी सम्पत्ति पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया और उस पर अवैधानिक कार्य करते हुए बिना उसकी अनुमति के उस पर अपना बोर्ड लगा दिया। उक्त बोर्ड को उसने हटाया और इस संदर्भ में पुलिस को भी सूचना दी गई।

पुलिस के आने पर लोग उसको गालीगलौच करके, जान से मारने की धमकी देकर और पुन: बोर्ड स्थापित करके व कब्जा कर लेने का कहकर वहां से भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।




## एक नजर

# एक ही परिवार के 2 बच्चों समेत 3 महिलाओं के शव कुएं में मिले

जयपुर। राजस्थान में राजधानी जयपुर में एक ही परिवार के ५ सदस्यों की डेड बॉडी मिली है जिसमें २ मासूमों के साथ ३ विवाहित महिलाएं भी शामिल हैं। गौरतलब है कि इस घटना से पहले इन सभी के लापता होने की खबर थी लेकिन अचानक से शव मिलने के बाद हर कोई सन्न रह गया। फिलहाल, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है और जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक बुधवार को ही दो मासूमों के साथ ३ सगी बहनों के लापता होने का मामला सामने आया था, जिसके बाद शनिवार को कुएं के अंदर सभी लाश बरामद हुई है। वहीं इस घटना बाद पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं और शवों को बाहर निकलवाने के प्रयास में जुट गए हैं। पुलिस के मुताबिक दूदू कस्बे की कालू उम्र २७ वर्ष, ममता देवी २३ वर्ष, कमलेश २० वर्ष अपने दो मासूम बच्चों के साथ ससुराल दूदू मीना मोहल्ले से अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई थी जिसके बाद पुलिस चार दिनों से लापता महिलाओं को तलाश में जुटी थी।



# मंकीपॉक्स वायरस का पता लगाने को भारतीय कंपनी ने बनाई किट !

नई दिल्ली। कोरोना संक्रमण के बाद अब दुनियाभर में मंकी पॉक्स का खतरा बढ़ता जा रहा है। बढ़ते मामले को देखते हुए सरकार भी सतर्क हो गई है। इस बीच चेन्नई स्थित मेडिकल उपकरण कंपनी ट्रिविट्रॉन हेल्थकेयर को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। उन्होंने दावा किया है कि उसने मंकीपॉक्स वायरस का पता लगाने के लिए आरटी– पीसीआर–आधारित किट बना लिया है। इससे संक्रमित रोगियों की जांच करने में आसानी होगी। इससे पता चल सकेगा कि कौन संक्रमित हैं और कौन नहीं। कंपनी ने कहा है कि चार रंगों की फ्लोरोसेंस–आधारित किट एक–ट्यूब सिंगल रिएक्शन फॉर्मेट में चेचक और मंकीपॉक्स के बीच अंतर कर सकती है। साथ ही कहा कि वायरस (यदि मौजूद है) का पता लगाने में परीक्षण में लगभग एक घंटे का समय लगता है। जारी एक बयान में ट्रिविट्रॉन हेल्थकेयर ने कहा कि वीटीएम (वायरल ट्रांसपोर्ट मीडिया) में रखे ड्राई स्वैब और स्वैब दोनों का इस्तेमाल किया जा सकता है।



# पुंछ में एलओसी के पास जंगलों में लगी भीषण आग, बारूदी सुरंगों हो रहे धमाके

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर का पुंछ जिले के जंगल पिछले दो दिनों से भीषण आग की चपेट में है। हालात यह है कि जंगलों लगातार भयानक आग आगे की तरफ से बढ़ती जा रही है। लाइन ऑफ कंट्रोल के पास जंगलों में लगी आग के कारण बारूदी सुंरगों में भी धमाके हो रहे हैं। बीते हफ्ते से धूं–धूं कर जल रहे जंगल की जगह से आग का धुआं अब चारों तरह फैल रहा है। पिछले दो दिनों से आग बेकाबू हो चुकी है। अब यह आग धीरे–धीरे जंगलों से शुरू होकर बॉर्डर में मेंढर सेक्टर तक जा पहुंची है। पुंछ के जंगलों में लगी भीषण आग की घटना को लेकर अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने के लिए यहां माइंस बिछाई गई थी, लेकिन आग के कारण करीब छह बारूदी सुरंगों में धमाका हो चुका है। इधर लगातार बढ़ती आग पर वन रक्षक कनार हुसैन शाह ने बताया कि बीते तीन दिन से जंगल में लगी आग लगातार फैल रही है। सेना के साथ मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से जम्मू–कश्मीर के जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रहा है। पुंछ जिले में आग लगने से पहले नियाका, पंजग्रन और घींर मुगलन वन क्षेत्रों में भीषण आग की घटना सामने आई थी। इसके अलावा राजौरी जिले के झलास के जंगल में भी आग लगी थी।



## चुनाव प्रचार में भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत

# मां शारदा ने बुलाया है: धामी

विशेष संवाददाता

टनकपुर/बनबसा। चंपावत उपचुनाव में रिकॉर्ड मतों से जीतने का दावा कर रही भाजपा ने चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। आज धामी के चुनाव प्रचार के लिए यहां पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां रोड शो और जनसभाओं के जरिए लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की वहीं मुख्यमंत्री धामी और उनकी पत्नी गीता धामी भी पूरे दिन चुनाव प्रचार में व्यस्त रहे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा है कि जिस शारदा की धूल में लेट कर और डुबकी लगाकर वह बड़े हुए हैं उस मां शारदा ने ही उन्हें यहां बुलाया है।

चंपावत के लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा है कि चंपावत से उनका बचपन से ही नाता रहा है यह वही शारदा का तट है जब वह अपने स्कूल के दिनों में 5-5 घंटे तक रेत में लोटते थे और फिर शारदा में डुबकी लगाते थे। उन्होंने जन सभा में



❑अब उत्तराखंड में बुलडोजर चलेगा

उपस्थित यूपी के सीएम योगी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब मैं उनसे लखनऊ मिलने पहुंचा था तो उन्होंने मेरी बात सुनकर सिर्फ हाथ से इशारा कर मुझे भरोसा दिलाया था। 21 साल पुराने विवाद को उन्होंने 20 मिनट में ही सुलझा दिया। अयोध्या और काशी में हुए कामों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हम कभी कहा करते थे कि 'राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे, आज अयोध्या में महाराज जी की देखरेख में भव्य मंदिर बन रहा है उन्होंने कहा कि जिन्हें आप बुलडोजर बाबा के नाम से भी जानते हैं उनके बुलडोजर का प्रभाव इतना ज्यादा है कि अब उत्तराखंड में भी बुलडोजर की धमक सुनाई देने लगी है।

मुख्यमंत्री धामी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने मार्च में हुए चुनाव में एक बड़े मिथक को तोड़ा है। अब हमारी बारी है उन्होंने चंपावत के समग्र विकास का भरोसा दिलाते हुए कहा कि हम जो कहते हैं वह करके ही रहते हैं। चुनाव से पूर्व हमने राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने का जो वादा किया था अब उस पर अमल शुरू हो गया है कैबिनेट में प्रस्ताव लाने के बाद अब हमने इसका ड्राफ्ट तैयार करने के लिए समिति गठित कर दी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य की संस्कृति की सुरक्षा और विकास के लिए संकल्पबद्ध है। उल्लेखनीय है कि चंपावत विधानसभा के लिए 31 मई को वोट डाले जाएंगे अब चुनाव प्रचार के लिए सिर्फ 2 दिन ही शेष बचे हैं। सीएम के साथ उनकी पत्नी गीता धामी भी इन दिनों चंपावत में डोर टू डोर चुनाव प्रचार में जुटी हुई है।

## चोरों ने बंद मकान की ग्रील तोड़कर हजारों का सामान चुराया

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने बंद मकान का ताला तोडकर वहां से हजारों रूपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खुडबुडा मौहल्ला निवासी अरूण कुमार शर्मा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका खुडबुडा मौहल्ला स्थित आवास कोविड संक्रमण काल के समय से खाली अवस्था में चला आ रहा है। चोरों ने रात्री में ग्रिल तोडकर मकान में रखे हुए उसके व उसके परिवार के घरेलू इस्तेमाल में आने वाली मूल्यवान वस्तुएं तथा मन्दिर में रखे हुए धनराशि चादी के सिक्के,पीतल की 2 परात गिलास,एवं अन्य वर्तन इत्यादि, तथा कार का स्टीरीयो चोरी कर लिया गया है। उसको उक्त चोरी की सूचना उसके पडोसी नागेश रतूडी एवं अन्य व्यक्तियों के द्वारा दी गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## चार घंटे मकान मालिक बाहर, चोरों ने किया हाथ साफ

संवाददाता

देहरादून। मकान मालिक चार घंटे के लिए बाजार गया पीछे से चोरों ने ताला तोड चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विलासपुर कांडली निवासी शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह गत दिवस अपने परिवार सहित राजेन्द्र नगर मार्केट गया था समय लगभग तीन बजे दोपहर गये एवं सांय सात बजे आये तो घर आकर देखा कि घर का सारा सामान अस्त व्यस्थ है तथा घर में रखी नगदी व सामान गायब था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बद्रीनाथ धाम जा रही बस हाईवे पर दीवार से टकराई, सभी यात्री सुरक्षित

हमारे संवाददाता

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम की यात्रा पूरी करने के बाद बद्रीनाथधाम जा रही बस आज सुबह मेदनपुर स्लाइडिंग जोन के समीप दीवार से जा टकराई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में सभी यात्री सुरक्षित रहे वहीं घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलवाड़ा भेज दिया गया है।



जानकारी के अनुसार आज सुबह चौकी तिलवाड़ा पुलिस को सूचना मिली कि एक बस मेदनपुर स्लाइडिंग जोन के पास दीवार पर जा टकराई है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर देखा तो पाया कि, एक बस जो हाईवे पर दीवार की ओर टकराई है तथा इसका चालक अपनी ड्राइविंग सीट पर बेहोशी की हालत में हैं। बस में डरे सहमे से कुछ यात्री बैठे हैं तथा कुछ बाहर खड़े हैं। पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए स्थानीय स्तर पर निजी वाहन के माध्यम से वाहन चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलवाड़ा भिजवाया गया। वहीं बस में सवार यात्रियों से वार्ता करने पर पता चला कि वह लोग राजस्थान से केदारनाथ धाम यात्रा के लिए आये हुए हैं, और केदारनाथ धाम की यात्रा पूरी करने के बाद अब बद्रीनाथ धाम जा रहे थे। बताया कि इस वाहन में चालक सहित कुल 28 लोग सवार थे। इस पर पुलिस ने सभी यात्रियों को फिलहाल नजदीकी होटलों में ठहरा दिया गया है। वहीं इन सभी यात्रियों को बद्रीनाथ धाम भिजवाये जाने की व्यवस्था की जा रही है। सूचना प्राप्त होने पर स्वयं क्षेत्राधिकारी रुद्रप्रयाग प्रबोध कुमार घिल्डियाल एवं एआरटीओ रुद्रप्रयाग भी मौके पर मौजूद हैं।

**दो मंजिला घर बिकाऊ है**

रेसकोर्स में 150 वर्ग गज में बना हुआ जिसका कवर्ड एरिया 2200 स्क्वायर फीट है। प्राइम लोकेशन पर सम्पर्क करें- वैभव सहगल
रूचिका सहगल
मो. 9897006838
मो.9897944990

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*